Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 सितंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-september-2020

वैक्सीन वेब पोर्टल और राष्ट्रीय क्लीनिकल रजिस्ट्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कोरोना वायरस (COVID-19) के लिये भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) के वैक्सीन वेब पोर्टल और राष्ट्रीय क्लीनिकल रजिस्ट्री (National Clinical Registry) का शुभारंभ किया है। यह वैक्सीन वेब पोर्टल भारत और विदेशों में कोरोना वायरस के लिये वैक्सीन के विकास से संबंधित जानकारी प्रदान करेगा। वहीं राष्ट्रीय क्लीनिकल रजिस्ट्री, भारत में नैदानिक और प्रयोगशाला जाँच, उपचार, प्रबंधन नवाचार और अस्पताल में भर्ती कोरोना वायरस से संक्रमित रोगियों आदि से संबंधित आँकड़े एकत्र करेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि कोरोना वायरस (COVID-19) से संबंधित वैक्सीन के बारे में जानने के लिये लोग काफी अधिक उत्सुक हैं, इसलिये वैक्सीन के विकास के बारे में सभी जानकारी पारदर्शी तरीके से प्रदान की जानी काफी महत्त्वपूर्ण हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भारत में कुल तीन COVID -19 टीकों के नैदानिक परीक्षण किया जा रहा है, जो कि अलग-अलग चरणों में है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की जा रही कोविशील्ड (Covishield) वैक्सीन भारत में अपने तीसरे और अंतिम चरण में है, और भारत में इसका निर्माण सीरम इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर

26 सितंबर, 2020 को देश भर में समाज सुधारक और शिक्षाविद ईश्वर चंद्र विद्यासागर की 200वीं जयंती मनाई गई। ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितंबर, 1820 को पश्चिम बंगाल के एक गाँव में हुआ था। अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद वे कलकत्ता चले गए और वहाँ वर्ष 1829 से वर्ष 1841 के बीच संस्कृत विश्वविद्यालय से वेदांत, व्याकरण, साहित्य, अलंकार शास्त्र और नीतिशास्त्र में निपुणता हासिल की, इस दौरान वर्ष 1839 में उन्हें संस्कृत और दर्शन में विशेषज्ञता के लिये विद्यासागर की उपाधि दी गई। विद्यासागर का शाब्दिक अर्थ है 'ज्ञान का महासागर'। इक्कीस वर्ष की आयु में ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने फोर्ट विलियम कॉलेज में संस्कृत विभाग के प्रमुख के रूप में शामिल हो गए। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने बंगाली शिक्षा प्रणाली में क्रांति लाने और बंगाली भाषा को लिखने और सीखने के तरीके का विकास करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। उनकी बंगाली पुस्तक 'बोर्नो पोरिचोय' को आज भी बंगाली अक्षर सीखने के लिये एक परिचयात्मक पुस्तक के रूप में उपयोग किया जाता है। यह उनके अथक संघर्ष का ही परिणाम था कि भारत की तत्कालीन सरकार ने वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम पारित किया। अन्य समाज सुधारकों के विपरीत ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने समाज को भीतर से बदलने की कोशिश की और इसी का परिणाम था कि बंगाल के रूढ़िवादी हिंदू ब्राह्मण समाज में विधवा पुनर्विवाह की शुरुआत हुई। 29 जुलाई, 1891 को 70 वर्ष की उम्र में कलकत्ता में उनका निधन हो गया।

उत्तराखंड पी.सी.एस. अध्ययन सामग्री
सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा)
28 बुकलेट्स
Click Here

राजस्थान में शहरी विकास के लिये ADB का ऋण

एशियाई विकास बैंक (ADB) ने राजस्थान के शहरों में जल आपूर्ति एवं स्वच्छता के बुनियादी ढाँचे और सेवाओं के वित्तपोषण के लिये 300 मिलियन डॉलर (लगभग 2,200 करोड़) के ऋण को मंज़ूरी दी है। इस परियोजना से राजस्थान के 14 शहरों के तकरीबन 5.7 लाख लोगों के लिये बेहतर जलापूर्ति संबंधी सेवाएँ सुनिश्चित की जा सकेंगी, साथ ही लगभग 7.2 लाख लोगों के लिये स्वच्छता संबंधी सेवाएँ उपलब्ध की जा सकेंगी। इस परियोजना में राजस्थान के केवल उन्ही शहरों को शामिल किया गया है, जहाँ की आबादी तकरीबन 20,000 से एक लाख तक है। यह परियोजना स्थानीय सरकारों और राजस्थान शहरी पेयजल, सीवरेज और इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ADB के तकनीकी समर्थन के साथ स्थापित एक कॉर्पोरेट इकाई) की संस्थागत क्षमता को मज़बूत करने में मदद करेगी। यह परियोजना कौशल प्रशिक्षण, इंटर्नशिप कार्यक्रम और सामुदायिक सहभागिता तथा जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं और वंचित वर्ग के लोगों को भी सहायता प्रदान करेगी।

टाइम मैगज़ीन: 100 प्रभावशाली लोगों की सूची

विश्व प्रसिद्ध टाइम मैगज़ीन (TIME Magazine) ने हाल ही में विश्व के 100 प्रभावशाली लोगों की सूची जारी की गई है। वर्ष 2020 के लिये टाइम मैगज़ीन की इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और शाहीन बाग विरोध प्रदर्शन का हिस्सा रहीं 82 वर्ष की बिल्किस बानो (Bilkis Bano) को भी शामिल किया गया है। अभिनेता आयुष्मान खुराना भारत के एकमात्र अभिनेता हैं जिन्हें इस सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा टाइम मैगज़ीन की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति उम्मीदवार जो बाइडेन (Joe Biden) को भी शामिल किया गया है। अमेरिकी साप्ताहिक समाचार पत्रिका टाइम (TIME) द्वारा जारी की जाने वाली इस वार्षिक सूची में अग्रणी नेताओं, अभिनेताओं और प्रतिष्ठित लोगों को शामिल किया जाता है, जिन्होंने किसी न किसी रूप में समाज को प्रभावित किया है।